संपादकीय

## सिफर नतीजे का सम्मेलन

ग्लोबलाइलजेशन के दौर थम चुका है। वैश्विक सप्लाई चेन टूट चुका है। दुनिया खेमों में बंट रही है। तब क्या जी-20 की ऐसी प्रासंगिकता नहीं बचेगी, जिस कारण यह एक महत्त्वपूर्व समूह बना था?

इंडोनेशिया के बाली हुए जी-20 शिखर सम्मेलन का सार यही रहा कि नई बनी विश्व परिस्थितियों में ये मंच अपनी प्रासंगिकता खो रहा है। ये बात ध्यान में चाहिए कि जी-20 में देशों को उनकी अर्थव्यवस्था के आकार के आधार पर शामिल किया गया था। यानी यह मुख्य रूप से आर्थिक मंच है। इस समूह की पहचान 2008 की वैश्विक मंदी के समय और उसके बाद बढ़ी, जब इसके सदस्य देशों ने मिल कर दुनिया को उन हालात से उबारने के साझा प्रयास किए। अब जबकि बाली में इन देशों के नेता मिले, तो उस समय एक बार फिर खाद्य और ऊर्जा संकट, महंगाई और उसके कारण मंदी के बनते हालात दुनिया के सामने हैं। ऐसे में इस समूह से यह अपेक्षा उचित होती कि एक बार फिर इसके सदस्य देश दुनिया को राहत पहुंचाने के साझा कदम उठाएंगे। लेकिन यह अपेक्षा सम्मेलन शुरू होने से पहले ही चूक गई, जब पश्चिमी देशों ने इस मंच से रूस को निकालने की कोशिश की और उधर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन को घेरने और उस पर प्रतिबंध लगाने के कई एलान कर दिए। ऐसे में बाली कोई आम सहमति बनती, इसकी गुंजाइश कम थी।

जाहिर है, वहां सारा ध्यान नेताओं की द्विपक्षीय मुलाकातों पर टिका रहा। जबकि शिखर सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध जैसे महत्त्वपूर्ण मसले पर कोई सार्थक विचार होने के बजाय इस पर मतभेद उभर कर सामने आते रहे। इसकी झलक बाद में जारी बाली घोषणापत्र में भी देखने को मिली। तो कुल सूरत यह उभरी जब ग्लोबलाइलजेशन के दौर थम चुका है, इस कारण वैश्विक सप्लाई चेन टूट चुका है और दुनिया खेमों में बंट रही है, तब पुरानी परिस्थितियों में बना मंच अनौपचारिक चर्चाओं के लिहाज से भले उपयोगी हो, लेकिन उसकी कोई ऐसी प्रासंगिकता नहीं बचेगी, जिसकी वजह से यह एक महत्त्वपूर्व समूह बना था। इसलिए संभव है कि आने वाले वर्षों में जी-20 के बजाय दुनिया का ध्यान जी-7, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे देशों के शिखर सम्मेलनों पर अधिक टिके। उन मंचों में कम से कम एक बात अवशय है कि वहां आने वाले देशों में हितों की समानता है, जिससे उनके बीच वैचारिक सहमति की भी अधिक गुंजाइश बनी हुई है।

# 12 सरकारी बैंकों ने 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक का शुद्ध लाभ किया अर्जित



**नई दिल्ली।** बढ़ती गैर-निष्पादित संपत्तियों (एनपीए) और कोविड-19 के संकट से जूझने के बाद भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के सुनहरे दिन आने लगे हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के सितंबर तिमाही के नतीजे भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के लिए खुशी लेकर आए हैं। इस दौरान सभी प्रमुख 12 बैंकों ने 25,685 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 7 सितंबर को अच्छा प्रदर्शन करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंको की सराहना की।

वित्तमंत्री ने ट्वीट करते हुए कहा कि एनपीए को कम करने और पीएसबी के स्वास्थ्य को और मजबूत करने के लिए हमारी सरकार के निरंतर प्रयास अब ठोस परिणाम दिखा रहे हैं। सभी 12 ने वित्तीय वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में 25,685 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के संयुक्त शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 50 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।

इसी तरह चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 12 राज्यों के स्वामित्व वाले बैंकों ने 40,991 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, जो पिछले साल के मुकाबले 31.6 प्रतिशत अधिक था।

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का लाभ 74 प्रतिशत बढक़र 13,265 करोड़ रुपये हो गया, जबकि केनरा बैंक का मुनाफा 89 प्रतिशत बढक़र 2,525 करोड़ रुपये हो गया।

यूको बैंक ने 2022-23 की सितंबर तिमाही में लाभ में 145 प्रतिशत की भारी उछाल के साथ 504 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया, जबकि बैंक ऑफ बड़ौदा ने 58.70 प्रतिशत के लाभ के साथ 3,312.42 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया।

विशेषज्ञों ने कहा है कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 2022-23 के चालू वित्त वर्ष में पीएसबी के वित्तीय प्रदर्शन में सुधार होने की उम्मीद है, क्योंकि एनपीए कम हो रहा है और कॉरपोरेट्स का लाभ भी कम हो गया है।

उन्होंने बताया कि 2015 में सरकार द्वारा परिसंपत्ति गुणवत्ता समीक्षा उपाय पेश किए जाने के बाद बैंकों के एनपीए को विशेष रूप से सामने लाया गया था।

बढ़ता एनपीए अब नियंत्रण में प्रतीत होता है। भारतीय बैंकिंग प्रणाली को 2011 में इससे गंभीर खतरे का सामना करना पड़ा था, जब एनपीए बढ़ते-बढ़ते 2017-18 में 11.18 प्रतिशत पर पहुंच गया था।

हालांकि अब एनपीए में कमी आई है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यह चक्रीय है, क्योंकि यह बढ़ता और गिरता रहता है। पीएसबी को एनपीए की समस्या से निपटने में मदद करने के लिए सरकार ने इन बैंकों को 3 लाख करोड़ रुपये प्रदान किए, जो उन्हें वित्तीय रूप से स्थिरता प्रदाप करने में मददगार साबित हुआ।

## पांच देशों में नई बिजनेस डायरेक्टरी लॉन्च करेगा व्हाट्सऐप




**सैन फ्रांसिस्को।** मेटा ने घोषणा की है कि उसका मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सऐप पांच देशों में येलो पेज-स्टाइल बिजनेस डायरेक्टरी लॉन्च कर रहा है। यह फीचर ब्राजील, यूके, इंडोनेशिया, मैक्सिको और कोलंबिया में शुरू होगा।

कंपनी के अनुसार, नया फीचर उपयोगकर्ताओं को सीधे उन कंपनियों को खोजने में मदद करेगा, जो सेवा पर संपर्क करने योग्य हैं या व्यवसाय प्रकार जैसे यात्रा या बैंकिंग के लिए ब्राउज करते हैं।

पांच देशों में व्हाट्सऐप के बिजनेस प्लेटफॉर्म के लिए साइन अप करने वाले सभी उपयोगकर्ता डायरेक्टरी में प्रदर्शित होंगे।

ब्राजील में, डायरेक्टरी छोटे व्यवसायों के लिए भी खुली रहेगी।

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा, जबकि ब्राजील में लाखों व्यवसाय चैट के लिए व्हाटसऐप का उपयोग करते हैं, हमने व्यवसायों को खोजना या उनसे खरीदना आसान बनाया है, लोगों को वर्क-अराउंड का उपयोग करना पड़ता था।

यहां अंतिम लक्ष्य इसे बनाना है ताकि आप एक ही व्हाट्सऐप चैट में किसी व्यवसाय को ढूंढ सकें, संदेश भेज सकें और खरीद सकें।

फीचर की शुरुआत कंपनी के दोस्तों और परिवार के अलावा मैसेजिंग व्यवसायों के लिए खुद को एक मंच के रूप में स्थापित करने के बढ़ते प्रयास के साथ मेल खाती है।

पिछले साल साओ पाउलो में एक सीमित परीक्षण के बाद, कंपनी ने अब इस फीचर को आधिकारिक तौर पर जारी करने का फैसला किया है।

## पुजारा को आखिर मिली अर्जुन पुरस्कार ट्राफी

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को अर्जुन पुरस्कार के लिये सिफारिश किये जाने के पांच साल बाद इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया। पुजारा अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण 2017 में पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। शनिवार को आखिरकार यहां 'हैंड ओवर' (पुरस्कार सुपुर्द) समारोह में उन्हें ट्रॉफी उठाने का मौका मिला। खेल मंत्री से अनुराग ठाकुर से पुरस्कार प्राप्त करने के बाद उन्होंने ट्वीट किया, बीसीसीआई और अनुराग ठाकुर को बाद में अर्जुन पुरस्कार सौंपने के लिये यह सम्मान आयोजित करने के लिये धन्यवाद। इसे मैं अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण उस साल ले नहीं पाया था। इसे लेकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और आभारी हूं। पुजारा सौराष्ट्र के लिये घरेलू क्रिकेट खेलते हैं, वह विजय हजारे ट्रॉफी के लिये राजधानी दिल्ली में हैं। वह भारत ए टीम का हिस्सा होंगे जो अगले महीने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये बांग्लादेश का दौरा करेगी। पुजारा ने काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में वापसी की, वह 96 टेस्ट खेल चुके हैं।

## लौह अयस्क और इस्पात पर निर्यात शुल्क हटा ,उद्योग ने निर्णय को सराहा



**नई दिल्ली ।** सरकार ने कुछ प्रकार के लौह अयस्क और लोहा तथा इस्पात उत्पादों पर निर्यात शुल्क हटाने का निर्णय लिया है। मुद्रास्फीति का दवाब कम होने के मद्देनजर उठाये गये इस कदम से घरेलू इस्पात उद्योग को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

उद्योग जगत ने इस निर्णय का स्वागत किया है।

वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार 58 प्रतिशत से कम लौह तत्व वाले लौह अयस्क लम्प (डली ) और फाइन (चूरा) पर निर्यात शुल्क शुन्य कर दिया है। जबकि 58 प्रतिशत से अधिक लौह तत्व वाले लौह अयस्क (लम्प और फाइन ) पर निर्यात शुल्क 30 प्रतिशत रहेगा।

लौह अयस्क पैलेट पर निर्यात शुल्क शुन्य कर दिया गया है।

इसी तरह विभिन्न प्रकार के पिग आयरन और इस्पात उत्पादों ( प्रशुल्क के लिए सुसंगत वर्गीकरण की व्यवस्था-एचएस कोड 7201,7208,7209,7210,7213,7214,7219,7222,7227 के अन्तर्गत आनेवाले उत्पाद)पर निर्यात शुल्क शुन्य कर दिया गया है।

वित्त मंत्रालय का कहना है कि इससे घरेलू इस्पात उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा और निर्यात को बढावा मिलेगा। सरकार ने मई में मुद्रा स्फीति का दवाब बढने के बीच लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क में 15 से 50 प्रतिशत की वृद्धि कर दी थी और लोहे और इस्पात उत्पादों पर भी शुल्क बढा दिया था।

सरकार ने एंथ्रेसाइट -पीसीआई और कोकिंग कोल तथा पैरोनिकल पर आयात शुल्क 2.5 प्रतिशत और कोक और सेमी कोक पर शुल्क 5 प्रतिशत करने का फैसला किया है। मई में इन पर शुल्क हटा लिया गया था।

अक्टूबर माह में भारत से इस्पात के निर्यात में 66 प्रतिशत की भारी गिरावट के बाद सरकार ने यह कदम उटाया है।अक्टूबर में इस्पात का निर्यात 3.6 शुन्य लाख टन रह गया जबकि पिछले साल इस माह में निर्यात 10.5 लाख टन का था।

# फीफा विश्व कप के पहले मैच में चार चीजों पर रहेगी नजर

**दोहा।** मध्य पूर्व में पहले फीफा विश्व कप का लंबा इंतजार खत्म हो गया। मेजबान कतर और इक्वाडोर फुटबॉल के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट 2022 से पर्दा उठाने की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही अल खोर के अल बायत स्टेडियम में रविवार के मैच में देखने के लिए यहां चार चीजें हैं।

अल्मोएज अली ने महत्वपूर्ण समय में अच्छा प्रदर्शन करने की ललक दिखाई है। 26 वर्षीय स्ट्राइकर 2021 कॉनकाकैफ गोल्ड कप में शीर्ष स्कोरर थे, जिसमें कतर ने टूर्नामेंट के मेहमानों के रूप में भाग लिया था, जिसमें पांच खेलों में चार गोल थे। रिपोर्ट के अनुसार, वह 2019 एशियाई कप में अपनी टीम के प्रमुख निशानेबाज भी थे, जिन्होंने सात मैचों में नौ बार नेटिंग की। अली सूडान में पैदा हुए थे और बचपन में ही कतर चले गए। उन्होंने अभी तक 2022 में छह अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में स्कोर नहीं किया है, लेकिन उनकी टीम के सफल विश्व कप की शुरूआत होने की संभावना है।

अगस्त 2020 में जोर्डी क्रूफ को इक्वाडोर के बॉस के रूप में बदले जाने के बाद, गुस्तावो अल्फारो ने एक दक्षिण अमेरिकी टीम को सबसे खतरनाक राष्ट्रीय टीमों में से एक में बदल दिया है। विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान ने उन्हें दक्षिण अमेरिकी समूह में केवल ब्राजील, अर्जेंटीना और उरुग्वे से पीछे और चिली, पेरू और पैराग्वे की क्षमता की टीमों से ऊपर चौथे स्थान पर रखा। अल्फारो के खिलाड़ी सही समय पर अच्छा प्रदर्शन कर हैं, अपने पिछले सात मैचों में कोई नहीं हारे। इस दौरान नाइजीरिया और केप वर्डे पर जीत हासिल की, साथ ही अर्जेंटीना, मैक्सिको और जापान के खिलाफ ड्रॉ खेला। बायर लीवरकुसेन सेंटर-बैक पिएरो हिनकेपी और ब्राइटन लेफ्ट-बैक परविस एस्टुपिनन के नेतृत्व में, इक्वाडोर टूर्नामेंट के सबसे ठोस डिफेंस रखने का दावा करता है। इक्वाडोर ने 18 क्वालिफायर में सिर्फ 19 गोल खाए और अपने पिछले पांच मैचों में से प्रत्येक में क्लीन शीट रखी है। लेकिन, उनके पिछले पांच मुकाबलों में केवल एक गोल के साथ, टीम के आक्रमण विकल्पों पर सवालिया निशान हैं। इक्वाडोर के प्रशंसक उम्मीद कर रहे होंगे कि 33 वर्षीय फेनरबाश फॉरवर्ड एननर वालेंसिया अपने क्लब फॉर्म को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जा सकते हैं। इक्वाडोर के सर्वकालिक प्रमुख स्कोरर ने इस सीजन में अब तक तुर्की क्लब के लिए 12 लीग मैचों में 13 गोल किए हैं।

## दूसरा टी20: न्यूजीलैंड ने जीता टॉस, भारत करेगा पहले बल्लेबाजी




**माउंट माउंगानुई।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने रविवार को बे ओवल, माउंट माउंगानुई में शुरू होने वाले दूसरे टी-20 मैच में भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान में उतरेगी।

बता दें, पहला टी20 मैच बारिश के कारण क्रिकेट प्रबंधकों को रद्द करना पड़ गया था। वहीं, टी20 वर्ल्ड में खराब प्रदर्शन के बाद से भारतीय टीम में कई शीर्ष खिलाड़ी टीम से गायब नजर आएंगे।

दोनों टीमें इस प्राकर हैं :

भारत (प्लेइंग इलेवन) : हार्दिक पांड्या (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, दीपक हुड्डा, वाशिंगटन सुंदर, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, युजवेंद्र चहल।

न्यूजीलैंड (प्लेइंग इलेवन) : केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, डेवोन कॉनवे (विकेटकापर), ग्लेन फिलिप्स, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी, एडम मिल्ने, लॉकी फग्र्यूसन।

## दृश्यम 2 की हो रही शानदार कमाई, पहले दिन भूल भुलैया 2 का तोड़ा रिकॉर्ड



अजय देवगन और तब्बू की फिल्म दृश्यम 2 शुक्रवार को रिलीज हो गई है। कुमार मंगत पाठक की इस फिल्म का लोगों को काफी समय से इंतजार था। निर्माताओं ने भी फिल्म के प्रचार के लिए तरह-तरह के प्रयोग किए थे। 2 अक्टूबर को एक दिन के लिए फिल्म के टिकट आधे दाम पर दिए गए थे। वहीं फिल्म की अडवांस बुकिंग भी शानदार रही थी। अब फिल्म पहले दिन बॉक्स ऑफिस से बॉलीवुड के लिए खुशखबरी लेकर आई है।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 14.50-15 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसी के साथ फिल्म ने इस साल की ब्लॉकबस्टर भूल भुलैया 2 का पहले दिन की कमाई का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भूल भुलैया 2 ने पहले दिन 14. 11 करोड़ रुपये कमाए थे। इन आंकड़ों के साथ निर्माता फिल्म की अच्छी कमाई की उम्मीद कर रहे हैं। फिल्म का पब्लिक रिव्यू सकारात्मक है और वीकेंड में अच्छी भीड़ जुटा सकती है।

इस साल पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म की बात करें तो ब्रह्मास्त्र पहले नंबर है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की इस फिल्म ने पहले दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 36 करोड़ रुपये कमाए थे। आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा ने पहले दिन 11.70 करोड़ रुपये कमाए थे। अक्षय कुमार की राम सेतु ने हिंदी के अलावा अन्य भाषाओं को मिलाकर पहले दिन करीब 15 करोड़ रुपये कमाए थे।

## बुर्ज खलीफा पर दिखा वरुण धवन और कृति सैनन की भेड़िया का ट्रेलर



वरुण धवन और कृति सैनन की फिल्म भेड़िया इन दिनों चर्चा में है। फिल्म आने वाले शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माता और स्टारकास्ट फिल्म का प्रमोशन करने में जुटे हुए हैं। हाल ही में वरुण और कृति फिल्म के प्रमोशन के लिए दुबई पहुंचे हैं। यहां पर बुर्ज खलीफा पर भेड़िया का ट्रेलर फीचर किया गया। इससे प्रशंसकों के साथ ही दोनों सितारे भी काफी उत्साहित नजर आए।

शुक्रवार को वरुण और कृति ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें बुर्ज खलीफा पर भेड़िया का ट्रेलर नजर आया। इस दौरान फिल्म की टीम के साथ ही अन्य प्रशंसक भी वहां मौजूद थे। वरुण ने वीडियो के साथ लिखा, बुर्ज खलीफा पर भेड़िया का ट्रेलर। मैं इतना खुश हो गया था कि मैंने अपना फोन गिरा दिया।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आप अपने आप को थोड़ा अलग सा महसूस करोगे। व्यवसाय में नए अनुबंध लाभदायक रहेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, समय नहीं दिया तो संतान की चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

***वृष :*** आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा । समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। धार्मिक यात्रा संभव है। राजकीय बाधा दूर होगी। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा, भागदौड़ अधिक रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल रहेगा।

***मिथुन :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। मन इधर-उधर अवश्य दौड़ता रहेगा। हर किसी पर बहूत जल्दी विश्वास न करें। अपने राज दूसरों को न बताएं, मुसीबत में फंस सकते हैं। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

***कर्क :*** आज आपका दिन लाभकारी सिद्ध होगा। लंबे समय से चली आ रही परिवार की समस्या दूर होगी। गृहस्थ सुख मिलेगा। बाहरी सहयोग से कार्यसिद्धि होगी। अज्ञात भय से चिंता रहेगी। लगभग व्यस्तता बनी रहेगी।

***सिंह :*** आज आपका दिन लगभग मिलाजुला रहेगा। मन अनुकूल काम न होने से परेशानी बढ़ सकती है। तनाव तथा चिंता वृद्धि होगी। संपत्ति के कार्य से लाभ होगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा होगी।

***कन्या :*** आज आपका दिन आपके हक में रहेगा। जो लोग आपके कार्य में अवरोध पैदा कर रहे थे, वे अब खुद आप के कार्य की प्रशंसा करेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल होंगे।

***तुला :*** हल्की चिंता को छोडक़र के लगभग आपका दिन सामान्य रहेगा। अपने विवेक से रुके काम पूरे करेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। शारीरिक पीड़ा संभव है। चिंता, तनाव का वातावरण बन सकता है।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन आप के अनुरूप होगा। धार्मिक विचारों में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयास सफल होंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।

***धनु :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। समय से अपने काम को करना सीखें। जीवनसाथी की चिंता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। धनलाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा, जोखिम ना लें।

***मकर :*** आज आपका दिन लगभग सामान्य रहेगा। व्यवसाय में उन्नतिप्रद अवसर आयेंगे। अचानक लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। चिंता रहेगी। न्यायपक्ष मजबूत होगा। नींद अवश्य पूरी कर लें।

***कुंभ :*** आप आज के दिन मानसिक चिंता से अवश्य बचें। न चाहते हुए भी आप को दूसरों के लिए काम करना होगा। विवाद आदि से सम्मान को ठेस न पहुंचे। फालतू खर्च बढ़ेंगे। बेकार की चिंता का माहौल रहेगा। जीवनसाथी सहयोग कर पाएगा।

***मीन :*** आज आपका दिन बहुत बढिय़ा रहेगा। आप जो सोचते हैं, वो तो करते नहीं है और दूसरे लोगों की बातों पर जल्द विश्वास करते हैं। स्वविवेक से सोचे। बकाया वसूली होगी। तनाव तथा अशांति रह सकती है। सफलता के लिए प्रयास अधिक करना पड़ेंगा। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। स्वास्थ्य सुधार होगा।

## कुकर में मिनटों में बनाएं मेहमानों के लिए शानदार डेजर्ट छेना रसमलाई



मेहमान घर पर आए हों और कुछ मीठा बनाना हो, तो इस आसान सी रेसिपी को कर सकते हैं ट्राय। छेना रसमलाई कुकर में बनने वाली बहुत ही जायकेदार मिठाई है।

### सामग्री :

3/4 कप घर का बना हुआ छेना, 4 कप पानी, 1 कप या स्वादानुसार चीनी, 1 टीस्पून मैदा, 1 कप गाढ़ा किया हुआ दूध, टीस्पून इलायची पाउडर, कुछ केसर के धागे, सजाने के लिए बादाम और शुगर कोटेड (चाशनी में पका हुआ), लौकी का लच्छा

### विधि :

छेने में मैदा मिलाकर हथेली से मसलकर एकसार करें। तैयार मिश्रण से नींबू के आकार के बराबर गोले बनाएं और पानी व चीनी को प्रेशर कुकर में डालकर गैस पर रख दें। उबाल आने पर पानी में तैयार गोलियां डालें और 4-5 सीटियां आने के बाद गैस बंद कर दें। ठंडा होने पर कुकर खोलें और गोलियां निकाल लें। अब दूध में चीनी, इलायची पाउडर और केसर मिलाकर फ्रिज में रख दें। दूध जब ठंडा हो जाए तो एक सर्विंग डिश में छेने से बनी गोलियां रखें और ऊपर से ठंडा-गाढ़ा दूध डाल दें। बादाम और लौके के लच्छों से गार्निश करके सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 257

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 256 का हल



## सू-दोकू- 257

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.256 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |